# Daily Current Affairs

Date : 20 November, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | अभ्यास 'अजेय वारियर-25' |
| 2. | कैबिनेट बैठक |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. पहला अंतर-राज्यीय बाघ ट्रांसलोकेशन<br>2. घूमर फेस्टिवल : रिकॉर्ड |
| 4. | विश्व सांख्यिकी दिवस, 2025 समारोह |
| 5. | सिकल सेल रोग : पहली स्वदेशी CRISPR जीन थेरेपी |
| 6. | जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI), 2026 |
| 7. | राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार-2025 |
| 8. | विश्व मत्स्य दिवस, 2025 : 21 नवंबर |
| 9. | एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप, 2025 |
| 10. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. कुराकाओ देश : फीफा विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने वाला सबसे छोटा देश बना<br>2. गाजा शांति योजना : UNSC मंजूरी<br>3. व्यापार आसूचना और विश्लेषण पोर्टल<br>4. 'युवा AI फॉर ऑल' ('YUVA AI for ALL')<br>5. प्रथम रामोजी उत्कृष्टता पुरस्कार, 2025<br>6. दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन, 2025<br>7. लद्दाख में पहली बार जनजातीय खेल सम्मेलन का आयोजन |





UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## अभ्यास 'अजेय वारियर-25'

### चर्चा में क्यों?

- 17 नवंबर, 2025 को भारत-ब्रिटेन संयुक्त सैन्य अभ्यास "अजेय वारियर-25" का आठवाँ संस्करण, राजस्थान स्थित फॉरेन ट्रेनिंग नोड, महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ।



### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** 17 से 30 नवंबर, 2025 तक फॉरेन ट्रेनिंग नोड, महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, राजस्थान।
- **भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व :** सिख रेजिमेंट के जवान।
- **फोकस:** संयुक्त राष्ट्र के मैंडेट के तहत् आयोजित इस अभ्यास का फोकस अर्ध-शहरी क्षेत्रों में आतंकवाद-रोधी अभियानों पर है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह अभ्यास संयुक्त राष्ट्र के अधिदेश के तहत् आयोजित किया जाता है, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII के अनुरूप, जो शांति के लिये खतरे, शांति भंग और आतंकवाद रोधी परिदृश्यों से सम्बंधित शांति स्थापना कर्तव्यों से संबंधित है।
- इस अभ्यास का लक्ष्य सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान, सामरिक दक्षता में वृद्धि तथा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जटिल अभियानों के प्रबंधन के लिए समन्वित प्रतिक्रिया विकसित करना है।
- प्रशिक्षण में सिमुलेशन-आधारित परिदृश्य, ब्रिगेड-स्तरीय मिशन योजना तथा वास्तविक जीवन की आतंकवाद विरोधी परिस्थितियों से संबंधित क्षेत्रीय अभ्यास शामिल हैं।
- वर्ष 2011 से द्वि-वार्षिक रूप से आयोजित अजय वॉरियर भारतीय सेना और ब्रिटिश सेना के मध्य एक प्रमुख जुड़ाव के रूप में विकसित हुआ है।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# कैबिनेट बैठक

### चर्चा में क्यों?

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में सीएमओ में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के युवाओं, प्रवासी राजस्थानियों, उद्योग और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े बड़े फैसले लिए गए।

### मुख्य बिन्दु:

- राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग के गठन और राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी 2025 का अनुमोदन किया।
- आरपीयूएनएल और सिंगरेनी कोलिथरीज के बीच जॉइंट वेंचर कंपनी के गठन पर मंजूरी दी।
- साल 2030 तक 200 ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर खुलेंगे।

**प्रमुख फैसले :-**

1. परियोजना लागत पर 30% या अधिकतम 10 करोड़ तक की सब्सिडी।
2. भूमि/लीज लागत पर 50% (अधिकतम 1 करोड़) की रियायत।
3. कर्मचारियों के वेतन पर पहले 3 साल 30% पेरोल सब्सिडी।
4. किराए पर चलने वाले जीसीसी को पहले 3 साल 50% और अगले 2 साल 25% किराया सहायता।
5. प्रशिक्षण लागत पर 50 फीसदी (अधिकतम 2.5 करोड़ रुपए) तक प्रतिपूर्ति।
6. पर्यावरण और अनुकूल नवाचार, पेटेंट और कॉपीराइट लागत पर 50 फीसदी की सहायता देने की तैयारी।
7. स्टांप ड्यूटी और बिजली शुल्क पर भी छूट दी जाएगी।

**सोलर प्रोजेक्ट के लिए 588 हेक्टेयर भूमि आवंटित:**

- सोलर एनर्जी के लिए बीकानेर के करणीसर में 161.45 हे. भूमि, चित्तौड़गढ़ के खरनाई में 356.25 हैक्टेयर भूमि आवंटन की मंजूरी दी। 765 केवी सबस्टेशन के लिए बाड़मेर के सोखरु में 70.6 हैक्टेयर भूमि दी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **पहला अंतर-राज्यीय बाघ ट्रांसलोकेशन**<br>■ बाघों का जीन सुधारने हेतु एमपी के पेंच टाइगर रिजर्व से एक बाघिन रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में लाई जाएगी।<br>■ रामगढ़ विषधारी बिंदु में स्थित राजस्थान का चौथा टाइगर रिजर्व व पहला पारिस्थतीकी गलियारा है। |
| 2. | **घूमर फेस्टिवल : रिकॉर्ड**<br>■ 6100 महिलाओं-युवतियों ने 7 संभागों में एक साथ किया नृत्य।<br>■ इस आयोजन को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया।<br>■ इसका शुभारंभ जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में किया गया।<br>■ राज्य स्तरीय आयोजन में जयपुर और जोधपुर विजेता रहें। |

CIVIL SERVICES


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## विश्व सांख्यिकी दिवस, 2025 समारोह

### चर्चा में क्यों?

- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MOSPI) ने 18 नवंबर, 2025 को विश्व सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में उदयपुर में राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (NSS) की 75वीं वर्षगांठ के समापन समारोह का आयोजन किया।




### मुख्य बिन्दु:

**समारोह में विमोचन :**

1. **कॉफी टेबल बुक "शुरुआत से नवाचार तक: NSS की कहानी" :** संगठन के 75 वर्षों के विकास का वृत्तांत प्रस्तुत करती है।
2. **"संख्याओं के पीछे की कहानियां - FOD की पत्रिका":** NSS कर्मचारियों के रचनात्मक कार्य शामिल हैं।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

3. **अद्यतन राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण (NIC), 2025:** आईएसआईसी संशोधन 5 के अनुरूप और उभरते क्षेत्रों को दर्शाते हुए अद्यतन राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण (NIC), 2025 का भी शुभारंभ किया गया।

4. **डेटा इनोवेशन लैब पोर्टल :** डेटा इनोवेशन लैब पोर्टल का अनावरण किया, जो AI/ML उपयोग के मामलों, पायलट टूल्स और सहयोगी संसाधनों के माध्यम से आधिकारिक सांख्यिकी में नवाचार को बढ़ावा देने वाला एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**विश्व सांख्यिकी दिवस, 2025 :**

- **तिथि:** 20 अक्टूबर, 2025
- **विषय:** "सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण सांख्यिकी और डेटा के साथ परिवर्तन लाना"
- **महत्व:** यह दिवस संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में हर पाँच साल में आयोजित होता है और सटीक और गुणवत्तापूर्ण डेटा के महत्व पर प्रकाश डालता है।

**राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस, 2025**

- **तिथि:** 29 जून, 2025
- **विषय :** “राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष”


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## विज्ञान प्रौद्योगिकी

### सिकल सेल रोग : पहली स्वदेशी CRISPR जीन थेरेपी

**चर्चा में क्यों?**

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने सिकल सेल रोग के लिए देश की पहली स्वदेशी CRISPR आधारित जीन थेरेपी का शुभारंभ किया।




**मुख्य बिन्दु:**

- **थेरेपी का नाम:** बिरसा 101 नामक यह थेरेपी भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित है, जिनकी 150वीं जयंती 15 नवंबर, 2025 को मनाई गई।
- **विकास:** सीएसआईआर-इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (आईजीआईबी)
- यह तकनीक एक "सटीक आनुवंशिक सर्जरी" की तरह काम करती है। यह न केवल सिकल सेल रोग का इलाज करने में सक्षम है और बल्कि कई आनुवंशिक विकारों के उपचार के तरीकों को भी बदल सकती है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI), 2026

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, जर्मनवॉच, न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क (CAN) द्वारा जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI), 2026 जारी किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- **प्रकाशक:** जर्मनवॉच, न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क (CAN)।
- **उद्देश्य :** जलवायु शमन प्रयासों की निगरानी और तुलना करना तथा वैश्विक जलवायु नीतियों में पारदर्शिता बढ़ाना।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **CCPI 63 देशों और यूरोपीय संघ के जलवायु प्रदर्शन की तुलना करने के लिए एक मानकीकृत ढाँचे का उपयोग करता है, जो वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के 90 प्रतिशत से अधिक के लिए ज़िम्मेदार हैं।**

**रैंकिंग:**

| | |
|---|---|
| 1st | |
| 2nd | |
| 3rd | |
| 4. Denmark – | 80.52 |
| 5. United Kingdom △ | 70.80 |
| 6. Morocco △ | 70.75 |
| 7. Chile △ | 70.63 |
| 8. Luxembourg △ | 70.45 |
| 9. Lithuania △ | 70.30 |
| 10. Netherlands ▽ | 67.27 |

- **जलवायु शमन प्रदर्शन का मूल्यांकन चार श्रेणियों में किया जाता है: ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा उपयोग और जलवायु नीति।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### भारत का प्रदर्शन :

- इस वर्ष के सीसीपीआई में भारत 23 वें स्थान पर है और मध्यम प्रदर्शन करने वाले देशों में से एक है । देश को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, जलवायु नीति और ऊर्जा उपयोग के मामले में मध्यम और नवीकरणीय ऊर्जा के मामले में निम्न स्थान प्राप्त हुआ है।
- सितंबर, 2025 तक, भारत की कुल सौर रूफटॉप क्षमता 20.8 गीगावाट थी, जिसमें पिछले वर्ष लगभग 9 गीगावाट की वृद्धि हुई, और यह कुल सौर प्रतिष्ठानों का लगभग 17 प्रतिशत है।
- भारत की अद्यतन NDC 2030 तक 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म क्षमता और 2005 की तुलना में 45 प्रतिशत उत्सर्जन-तीव्रता में कटौती करने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि वर्ष 2070 का शुद्ध-शून्य लक्ष्य 1.5°C के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है।
- मजबूत दीर्घकालिक जलवायु इरादे के बावजूद कोयले पर निर्भरता एक बाधा बनी हुई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 🏆 पुरस्कार 🏆

## राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार-2025

### चर्चा में क्यों?

- **मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत पशुपालन और डेयरी विभाग ने राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार (NGRA), 2025 के विजेताओं की घोषणा कर दी है।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- यह पुरस्कार 26 नवंबर, 2025 को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस समारोह के एक भाग के रूप में प्रदान किए जाएँगे।
- **पृष्ठभूमि :** दिसंबर, 2014 में शुरू किया गया राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM) स्वदेशी गोजातीय नस्लों के वैज्ञानिक संरक्षण और विकास पर केंद्रित है। वर्ष 2021 से, विभाग दुग्ध उत्पादक किसानों, डेयरी सहकारी समितियों/एमपीसी/एफपीओ और कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियनों (AIT) को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार (NGRA) प्रदान कर रहा है।
- **पुरस्कार :** राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार-2025 में प्रथम दो श्रेणियों अर्थात् सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान और सर्वश्रेष्ठ किसान और डेयरी सहकारी/ दूध उत्पादक कंपनी/डेयरी किसान उत्पादक में योग्यता प्रमाण पत्र, एक स्मृति चिह्न और मौद्रिक पुरस्कार शामिल होंगे:

| स्थान | राशि |
|---|---|
| प्रथम स्थान | रु. 5,00,000/- |
| द्वितीय स्थान | रु. 3,00,000/- |
| तृतीय स्थान | रु. 2,00,000/- |
| **रु. 2,00,000/- :** पूर्वोत्तर क्षेत्र (NER)/हिमालयी राज्यों के लिए विशेष पुरस्कार। | |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## विजेता :

| क्र. | वर्ग | राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2025 के विजेताओं के नाम और स्थान |
|---|---|---|
| 1. | देशी गाय/भैंस नस्लों का पालन करने वाले सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान | **गैर-पूर्वोत्तर:**<br>1. **प्रथम:** अरविन्द यशवन्त पाटिल, कोल्हापुर, महाराष्ट्र<br>2. **द्वितीय:** डॉ. कंकनाला कृष्ण रेड्डी, हैदराबाद, तेलंगाना<br>3. **तृतीय:** हर्षित झूरिया, सीकर, राजस्थान तथा कुमारी श्रद्धा सत्यवान धवन, अहमदनगर, महाराष्ट्र<br>**पूर्वोत्तर/हिमालयी:**<br>1. विजय लता, हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश<br>2. प्रदीप पंगरिया, चंपावत, उत्तराखंड |
| 2. | सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति/दूध उत्पादक कंपनी/डेयरी किसान उत्पादक संगठन | **गैर-पूर्वोत्तर:**<br>1. **प्रथम:** मीनन गाडी क्षीरोलपदका सहकारण संघम लिमिटेड, वायनाड, केरल<br>2. **द्वितीय:** कुन्नमकट्टुपति क्षीरोलपादक सहकारण संघम, पलक्कड़, केरल तथा घिनोई दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, जयपुर, राजस्थान<br>3. **तृतीय:** TYSPL 37 सेंदुरई मिल्क प्रोड्यूसर्स कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, अरियालुर, तमिलनाडु<br>■ **पूर्वोत्तर/हिमालयी:** कुल्हा दूध उत्पादक सहकारी समिति, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड। |
| 3. | सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (AIT) | **गैर-पूर्वोत्तर:**<br>1. **प्रथम :** दिलीप कुमार प्रधान, अनुगुल, ओडिशा<br>2. **द्वितीय:** श्री विकास कुमार, हनुमानगढ़, राजस्थान<br>3. **तृतीय :** श्रीमती अनुराधा चकली, नंद्याल, आंध्र प्रदेश<br>■ **NEI/ हिमालयन:** श्री डेलुवर हसन, बारपेटा, असम |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## विश्व मत्स्य दिवस, 2025 : 21 नवंबर

### चर्चा में क्यों?

- मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत संचालित मत्स्य पालन विभाग द्वारा 21 नवंबर, 2025 को नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में विश्व मत्स्य दिवस, 2025 आयोजित किया जाएगा।




### मुख्य बिन्दु:

- इस वर्ष का ध्येय वाक्य है ; "भारत की जलजनित अर्थव्यवस्था में बदलाव: समुद्री खाद्य वस्तुओं के निर्यात में मूल्यवर्धन"।
- यह देश के समुद्री और प्रवाहित जलीय स्रोतों के जलीय उत्पादों को उच्च मूल्य वैश्विक प्रतिस्पर्धी उत्पादों में समुन्नत करने के संकल्प को रेखांकित करता है।
- उद्देश्य : घरेलू और अंतरराष्ट्रीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने, खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने, संधारणीयता बढ़ाना और बाजार तक पहुंच बढ़ाने में सुधार के लिए मत्स्य प्राप्त करने और जलीय कृषि के लिए एक केंद्रीकृत डिजिटल ट्रेसिबिलिटी (उत्पाद का स्रोत, संसाधित स्थल और ब्रिक्री का स्थान) प्रणाली स्थापित करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप, 2025

### चर्चा में क्यों?

- ढाका में आयोजित 24वीं एशियन आर्चरी चैंपियनशिप में भारत ने 10 पदक (6 स्वर्ण, 3 रजत, 1 कांस्य) जीते और शीर्ष स्थान हासिल किया।




### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** ढाका, बांग्लादेश।
- पिछले दो दशकों से एशिया में रिकर्व इवेंट पर दक्षिण कोरिया का दबदबा था। लेकिन इस वर्ष भारत ने विशेष रूप से पुरुष टीम रिकर्व में कोरिया की 12 वर्ष पुरानी विजयी श्रृंखला तोड़ दी।
- **भारत का प्रदर्शन :** 10 पदक (6 स्वर्ण, 3 रजत, 1 कांस्य)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| व्यक्तिगत स्वर्ण | महिला रिकर्व : अंकिता भावगत - सुह्येओन को हराया (दक्षिण कोरिया) |
| | पुरुष रिकर्व : धीरज बोम्मादेवारा |
| टीम स्वर्ण | महिला रिकर्व टीम |
| | महिला कंपाउंड टीम (दीपशिखा, ज्योति शूरखा वेणम, पृथिका प्रदीप)- कोरिया को हराया। |
| | कंपाउंड मिक्स्ड टीम (अभिषेक वर्मा और दीपशिखा यादव) - बांग्लादेश को हराया। |
| रजत पदक | पुरुष कंपाउंड टीम – कजाख़स्तान से हार। |
| कांस्य पदक | संगीता (महिला रिकर्व) - दीपिका कुमारी को शूट-ऑफ में हराया। |

| स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक |
|---|---|---|
| ज्योति सुरेखा वेन्नम (महिला कंपाउंड) | राहुल (पुरुष रिकर्व) | संगीता (महिला रिकर्व) |
| धीरज बोम्मदेवरा (पुरुष रिकर्व) | प्रीथिका प्रदीप (महिला कंपाउंड) | |
| अंकिता भकत (महिला रिकर्व) | अभिषेक वर्मा, साहिल जाधव और प्रथमेश फुगे (कंपाउंड पुरुष टीम) | |
| अतानु दास, राहुल, यशदीप भोगे (पुरुष रिकर्व टीम) | | |
| अभिषेक वर्मा, दीपशिखा (मिश्रित मिश्रित टीम) | | |
| ज्योति सुरेखा वेन्नम, प्रीथिका प्रदीप, दीपशिखा (महिला कंपाउंड टीम) | | |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **कुराकाओ देश : फीफा विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने वाला सबसे छोटा देश बना**   ▪ कैरेबियाई द्वीप कुराकाओ फीफा विश्व कप फ़ुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने वाला अब तक का सबसे छोटा देश बन गया हैं। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**2.**

## गाजा शांति योजना : UNSC मंजूरी




- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अमेरिका समर्थित गाजा शांति योजना को मंजूरी प्रदान की।
- **गाजा शांति योजना :** यह योजना इजरायल-हमास संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक फ्रेमवर्क प्रस्तुत करती है। यह संघर्ष युद्धविराम, मानवीय राहत, शासन सुधार और पुनर्निर्माण के माध्यम से समाप्त किया जाएगा।
- गाजा शांति योजना की मुख्य रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा मध्यस्थता की गई है। इसमें कतर और मिस्र का मध्यस्थता समर्थन भी प्राप्त है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**3.**

## व्यापार आसूचना और विश्लेषण पोर्टल




- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने नई दिल्ली में व्यापार आसूचना और विश्लेषण (TIA) पोर्टल का शुभारंभ किया।
- **विकास :** वाणिज्य विभाग द्वारा।
- **उद्देश्य:** पारदर्शी व सुलभ व्यापार संबंधी खुफिया जानकारी प्रदान करना, जिससे व्यवसायों को समर्थन प्राप्त होगा और साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण को मजबूती मिलेगी।

**मुख्य विशेषताएं:**

1. **मुक्त व्यापार समझौते (FTA) का उपयोग:** यह पोर्टल निर्यातकों को मुक्त व्यापार समझौतों का बेहतर उपयोग करने में सहायता प्रदान करेगा।
2. देश और वस्तु आसूचना उपकरण प्रत्येक बाजार के लिए प्रमुख उत्पादों की पहचान करने में सहायता करते हैं।
3. **दक्षता:** अप्रचलित व अलग-अलग पोर्टल्स को एक एकीकृत एवं मापनीय प्रणाली से प्रतिस्थापित करेगा।
4. **सशक्तीकरण:** दूर-दराज के क्षेत्रों के लघु व्यवसायों को भी वह डेटा मिलेगा, जो अब तक केवल बड़े व्यवसायों के लिए ही सुलभ था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 4. 'युवा AI फॉर ऑल' ('YUVA AI for ALL')




- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MEITY) ने भारत AI मिशन के अंतर्गत, 'युवा AI फॉर ऑल' का शुभारंभ किया है। यह अपनी तरह का पहला निःशुल्क पाठ्यक्रम है जो सभी भारतीयों, विशेषरूप से युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की दुनिया से परिचित कराता है।
- इस पहल का उद्देश्य 1 करोड़ (10 मिलियन) नागरिकों को मूलभूत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कौशल से सशक्त बनाना हैं।
- यह छोटा, 4.5 घंटे का स्व-गतिशील पाठ्यक्रम विद्यार्थियों, पेशेवरों और अन्य जिज्ञासु शिक्षार्थियों को AI की मूल बातें समझाने और दिखाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

5.

## प्रथम रामोजी उत्कृष्टता पुरस्कार, 2025




- हाल ही में, हैदराबाद में प्रथम रामोजी उत्कृष्टता पुरस्कार, 2025 समारोह का आयोजन किया गया।
- रामोजी उत्कृष्टता पुरस्कार सात श्रेणियों में प्रदान किए गए:

| श्रेणी | प्राप्तकर्त्ता |
|---|---|
| ग्रामीण विकास | अमला अशोक रुइया |
| युवा आइकन | श्रीकांत बोल्ला |
| विज्ञान और प्रौद्योगिकी | प्रो. माधवी लता गली |
| मानवता की सेवा | आकाश टंडन |
| कला और संस्कृति | प्रो. सथुपति प्रसन्ना |
| पत्रकारिता | जयदीप हार्डिकर |
| महिला उपलब्धि के लिए | पल्लबी घोष |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**6.** **दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन, 2025**




- **19 से 21 नवंबर, 2025 तक तमिलनाडु प्राकृतिक कृषि हितधारक मंच द्वारा साउथ इंडिया नेचुरल फार्मिंग समिट, 2025 आयोजित किया जा रहा है।**
- **इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य टिकाऊ, पर्यावरण-अनुकूल और रसायन-मुक्त कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना तथा भारत में कृषि के भविष्य के लिए व्यावहारिक, जलवायु-अनुकूल और आर्थिक रूप से टिकाऊ मॉडल के रूप में प्राकृतिक और पुनः विकास योग्य कृषि की ओर परिवर्तन को गति प्रदान करना है।**

**7.** **लद्दाख में पहली बार जनजातीय खेल सम्मेलन का आयोजन**




- **जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा के राष्ट्रव्यापी आयोजन के अंतर्गत आज लद्दाख में पहला जनजातीय खेल सम्मेलन, साई सेंटर कारगिल और केजीबीवी चिकत्तन में संपन्न हुआ।**
- **इस कार्यक्रम का आयोजन जनजातीय अनुसंधान संस्थान, लद्दाख विश्वविद्यालय द्वारा केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से किया गया था।**
- **लड़कों में शुजात अली और लड़कियों में कुलसुम को सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज़ का पुरस्कार दिया गया, जबकि आसिया बानो और तजम्मुल हुसैन को सर्वश्रेष्ठ ताइक्वांडो खिलाड़ी घोषित किया गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR